आइआइएम रांची में मना ओणम

रांची. होटवार स्थित आइआइएम रांची हॉस्टल परिसर में बीते दिनों ओणम महोत्सव मनाया गया. विद्यार्थियों ने मौके पर कैंपस में फूलों से पूकलम तैयार किया. साथ ही पारंपरिक परिधान में विद्यार्थियों ने जम कर मस्ती की. संस्था के सांस्कृतिक कमेटी में शामिल विद्यार्थियों ने गीत-संगीत व नृत्य पेश कर एक-दूसरे का मनोरंजन किया. वहीं, पारंपरिक परिधान में एमबीए व आइपीएम की छात्राओं ने लोक नृत्य तिरुवातिरै पेश किया. देर शाम तक विद्यार्थी विभिन्न साउथ इंडियन बीट पर झूमते दिखे. मौके पर छात्र-छात्राओं ने ओणम की पारंपरिक कहानी और संस्कृति की झलक पेश की.

Prabhat Khabar_14.09.2022_Pg. 09